राजस्थान सरकार

सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी, राजस्थान, जयपुर

(E mail : DIR.SOCIALAUDIT@RAJASTHAN.GOV.IN, Tel.2227725)

कमांक :– एफ 61(20) SSAAT / Rules of Business / 2019 जयपुर, दिनांक

(आदेश सं. 08 / 2020)

कार्यालय आदेश

सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी जयपुर में भारत सरकार के निर्देशानुसार महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण (PMAY-G), 14वें वित्त आयोग (FFC), राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP) तथा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (SBMG) का सामाजिक अंकेक्षण कार्य किया जाना है। इनके संबंध में भारत सरकार एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा समय–समय पर सामाजिक अंकेक्षण किये जाने, इनकी MIS पर रिपोर्टिंग / अपलोडिंग आदि कार्यों के लिए दिशा निर्देश जारी किये गये है।

चूकिं पूर्व सामाजिक अंकेक्षण मार्गदर्शिका 2012 में अद्यतन परिवर्तन किया जाना है और नवीन योजनाओं के लिए भी दिशा–निर्देश, MIS रिपोर्ट व्यवस्था किये जाने हेतु अध्ययन कर नवीन सामाजिक अंकेक्षण निर्देशिका तैयार करने हेतु श्रीमान अतिरिक्त मुख्य सचिव सह अध्यक्ष, कार्यकारी समिति, सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी के अनुमोदन ID संख्या 509 दिनांक 06.02.2020 की पालना में कार्यालय आदेश कमांक एफ 61(20) SSAAT/Rules of Business / 2019 / 7182–89 दिनांक 07.02.2020 द्वारा निम्नलिखित अधिकारियों की एक समिति बनाई गई थी :–

क.सं.	नाम अधिकारी	पदनाम
1.	श्री रक्षपाल सिंह	सहायक लेखाधिकारी– प्रथम, संयोजक
2.	श्री लोकेश कुमार गुप्ता	सहायक लेखाधिकारी– प्रथम
3.	श्री नेमीचन्द गुप्ता	सहायक लेखाधिकारी– द्वितीय
4.	श्री दिनेश कुमार अग्रवाल	सहायक लेखाधिकारी– द्वितीय

उपरोक्त सभी अधिकारियों की समिति द्वारा भारत सरकार, राजस्थान सरकार के पूर्व एवं वर्तमान दिशा निर्देशों की पालना में सामाजिक अंकेक्षण संबंधी समस्त प्रकिया, MIS रिपोर्टिंग आदि के लिए योजनावार पृथक–पृथक उपयुक्त दिशा निर्देश, प्रपत्रों का ड्राफ्ट तैयार कर 10 कार्य दिवसों में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गये थे। इसके अलावा पत्रांक एफ 61(20) SSAAT/Rules of Business / 2019 / 7182–89 दिनांक 07.02.2020, 7604–09 दिनांक 20.05.2020 आदि द्वारा भी इस कार्य को सम्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया परन्तु कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ हैं। इसकी निरंतरता में निम्न अधिकारियों की संशोधित कमेटी का गठन किया जाकर निर्देश दिए जाते है कि वे 18.11.2020 तक उक्त कार्य पूर्ण कर नवीन सामाजिक अंकेक्षण मार्गदर्शिका प्रस्तुत करेंगे :–

क.सं.	नाम अधिकारी	पदनाम
1.	श्री अजय कुमार गुप्ता	लेखाधिकारी, अध्यक्ष
2..	श्री चन्द्रमहेश गुप्ता	सहायक लेखाधिकारी संयोजक
3.	श्री प्रदीप कुमार काला	सहायक लेखाधिकारी– प्रथम
4.	श्री नेमीचन्द गुप्ता	सहायक लेखाधिकारी– द्वितीय
5.	श्री दिनेश कुमार अग्रवाल	सहायक लेखाधिकारी– द्वितीय

उक्त समिति सामाजिक अंकेक्षण मार्गदर्शिका छपवाने तक यथावत कार्य करेगी।

समिति द्वारा किये गये कार्यों / बैठक कार्यवाही विवरण का रिकार्ड संधारित किया जायेगा जो अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत किया जायेगा।

किसी अधिकारी के स्थानान्तरण या पद रिक्त होने पर इनके स्थान पर कार्यग्रहण करने वाले अधिकारी द्वारा उक्त कार्य सम्पादित किया जायेगा।

(रामावतार शर्मा)
निदेशक
सामाजिक लेखा परीक्षा जवाबदेही एवं पारदर्शिता
सोसायटी, (SSAAT)

कमांक :– एफ 61(20) SSAAT / Rules of Business / 2019 / 16591-99 जयपुर, दिनांक 5-11-2020

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. वरिष्ठ उप सचिव, मुख्य सचिव सह अध्यक्ष, शासी निकाय, सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी राजस्थान जयपुर ।
2. निजी सचिव, श्रीमान अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं अध्यक्ष, कार्यकारी समिति, सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी राजस्थान जयपुर को आई.डी. संख्या 509 दि. 06.02020 की पालना में ।
3. निजी सचिव, निदेशक, सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी, SSAAT।
4. लेखाधिकारी एवं कार्यालयाध्यक्ष, SSAAT को पालनार्थ।

5. श्री रक्षपाल सिंह, सहायक लेखाधिकारी– प्रथम कार्यालय हाजा को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि उनके द्वारा सम्पादित पूर्व कार्य को वे ड्राफ्ट अनुमोदन कराने तक सम्पन्न करेंगे। इसके पश्चात् आप इस कार्य से स्वतः मुक्त होंगे जो आपके आंवटित कार्य करने वाले अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
6. श्री चन्द्रमहेश गुप्ता, सहायक लेखाधिकारी, संयोजक, कार्यालय हाजा को पालनार्थ।
7. श्री प्रदीप कुमार काला, सहायक लेखाधिकारी–प्रथम, कार्यालय हाजा को पालनार्थ।
8. श्री दिनेश कुमार अग्रवाल, सहायक लेखाधिकारी–द्वितीय, कार्यालय हाजा को पालनार्थ।
9. श्री नेमीचन्द गुप्ता, सहायक लेखाधिकारी–द्वितीय, कार्यालय हाजा को पालनार्थ।
10. रक्षित पत्रावली।

(अजय कुमार गुप्ता)
लेखाधिकारी
सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता
सोसायटी, (SSAAT)